an>

Title: Need to provide compensation for land acquired for National Highways.

**श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर):** उपाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां एनएच-2 रोड बन रही है उसमें कानपुर देहात और कानपुर नगर में जिन किसानों की भूमि अधिगृहित की गई है उनका मुआवजा कानपुर देहात में 3,93, 00,000 रुपये मिला है और कानपुर नगर में 27,72,00,000 करोड़ रुपये मुआवजा मिला है। वÂ◌ाऱ 2013 से यहां काम हो रहा है, टोल प्लॉजा पर लगातार अवैध वसूली हो रही है। मैंने 14.12.2014 को महाप्रबंधक को एक पत्र लिखा था जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम इस पर विचार कर रहे हैं। मैं इस बात को माननीय मंत्री जी के भी संज्ञान में लाया हूं लेकिन अभी तक वहां लोगों से अवैध वसूली की जा रही है जो नियम के विरुद्ध है। लोगों में इससे बहुत आक्रोश है। मैं जब भी क्षेत्र में जाता हूं तो वहां के लोग इस बात के लिए पीड़ा प्रकट करते हैं। मैं माननीय सरकार से निवेदन करता हूं कि कानपुर नगर और कानपुर देहात के लोगों से टोल टैक्स की वसूली बंद की जाए, यही मेरा आग्रह है।

HON. DEPUTY SPEAKER : Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Devendra Singh Bhole.